# कार्यालय बेतिया राज, बेतिया।

## (कोर्ट ऑफ वाई्स के अन्तर्गत)

Ref. No.-3 / बे०राज–22 / 2011

**<u>माननीय उच्च न्यायालय, पटना में बेतिया राज, बेतिया के वादों में पैरवी के लिए अधिवक्ता के पैनल गठन हेतु विज्ञापन।</u>**

माननीय उच्च न्यायालय, पटना में बेतिया राज, बेतिया (कोर्ट ऑफ वार्ड्स के अन्तर्गत) से संबंधित वाद एवं राजस्व पर्षद, बिहार में वादों की पैरवी एवं नये वादों में तथ्य विवरणी तैयार करने आदि कार्य हेतु सुयोग्य अधिवक्ता की आवश्यकता है। स्थायी पैनल हेतु इच्छुक अधिवक्ता अपना पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन को सिर्फ Speed Post के माध्यम से दिनांक– 29.10.2021 को 5:00 बजे अपराह्न तक राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। अन्य माध्यम तथा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

- आवदेन पत्र Bio-data सहित निर्धारित प्रपत्र में देना आवश्यक होगा।
- अधिवक्ताओं को न्यूनतम 7 (सात) वर्ष का अनुभव आवश्यक है।
- अधिवक्ताओं के चयन हेतु मेधा सूची का निर्धारण उनके संबंधित न्यायालय में कार्यानुभव के आधार पर किया जाएगा। आवेदन के साथ अधिवक्ता के निबंधन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति देना आवश्यक होगा।
- अधिवक्ताओं को विधि विभाग द्वारा निर्गत ज्ञापांक–6949 दिनांक–16.08.2018 के अनुसार अधिवक्ता शुल्क का भुगतान किया जाएगा। जिन मामलों में विधि विभाग द्वारा दर निर्धारित नहीं है उन मामलों में राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा निर्धारित दर मान्य होगा।
- आवेदन के साथ इस आशय का भी घोषणा पत्र देना होगा कि पूर्व में किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग/कार्यालय/निगम/Bar Council प्रतिष्ठान आदि में किए गए कार्यों के लिए उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की गयी है।
- सभी शर्तों के अधीन विधिवत रूप से प्राप्त आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जाएगा। तदनुसार पैनल गठन की कार्रवाई की जाएगी।
- विस्तृत जानकारी यथा आवेदन प्रारूप/बायोडाटा आदि से संबंधित सूचना विभागीय वेबसाईट http://Boardofrevenuebihar~~.bih.nic.in~~ .gov.in पर देखा जा सकता है।

सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

08/10/21

# बायोडाटा

Passport Size
Phot0

1. अधिवक्ता का नामः–
2. पिता का नामः–
3. जन्म तिथि (प्रवेशिका प्रमाण–पत्र के अनुसार):–
4. आवासीय पता/पत्राचार का पताः–

5. आधार संख्या–
6. शैक्षणिक योग्यताः–
7. अधिवक्ता का पंजीयन सं0:–
   (अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ)
8. वर्तमान न्यायालय का नाम,
   जहाँ अधिवक्ता प्रैक्टिस करते हैं:–
9. पूर्व में किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग/कार्यालय/निगम/प्रतिष्ठान आदि में कार्य करने का अनुभव/प्रमाण–पत्र की विवरणीः–

10. राजस्व पर्षद, बिहार में अधिवक्ता के रूप में कार्य करने का अनुभव (साक्ष्य में किन्ही दस आदेशों की प्रति संलग्न करें)।
11. क्या पूर्व में किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग/कार्यालय/ निगम/ प्रतिष्ठान आदि में किए गये कार्यों के लिए आपके विरूद्ध कोई प्रतिकूल कार्रवाई की गई है? (हाँ/नहीं)
12. क्या Bar Council से आपके विरूद्ध कोई प्रतिकूल आदेश निर्गत की गई है? (हाँ/नहीं)
13. प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दिए गये विवरण/तथ्य मेरी व्यक्तिगत जानकारी एवं विश्वास में पूर्णतः सत्य है। यदि आवेदन पत्र में दिए गए कोई विवरण/तथ्य मिथ्या पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध की गयी किसी भी कार्रवाई के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी। राजस्व पर्षद के द्वारा पैनल गठन के संबंध में राजस्व पर्षद का निर्णय मुझे पूर्णतः मान्य होगा।

स्थान– .................. आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर–..........................

दिनांक–............... आवेदक/आवेदिका का नाम–..............................

# स्वप्रमाणित घोषणा पत्र

मैं ..................................पुत्र/पुत्री/श्री...................................... उम्र..... वर्ष..........

निवासी..........................................................................................निबंधन संख्या–.............

घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध पूर्व में किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग/कार्यालय/ निगम/ प्रतिष्ठान आदि में किए गये कार्य के लिए कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही मेरे विरूद्ध Bar Council से भी कोई प्रतिकूल आदेश निर्गत नहीं है।

स्थान– .................. आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर–........................

दिनांक–................ आवेदक/आवेदिका का नाम–..............................